Regarding reservation of Jats of Bharatpur and Dholpur in Government Jobs

श्रीमती संजना जाटव **(भरतपुर) :** महोदया, मैं आपको दोबारा धन्यवाद देना चाहती हूं कि आपने दोबारा मुझे सदन में बोलने का मौका दिया । मैं आपका ध्यान एक विशेष समस्या की ओर आकर्षित करना चाहूंगी । राजस्थान के जाटों को राजस्थान के सभी जिलों में आरक्षण प्राप्त है । उन्हें केंद्र सरकार की नौकरियों में भी ओबीसी आरक्षण मिलता है । लेकिन, बदकिस्मती से मेरे संसदीय क्षेत्र भरतपुर, धौलपुर के जाट भाइयों को सरकारी नौकरियों में ओबीसी के तहत आरक्षण नहीं मिलता है । यह भरतपुर, धौलपुर के जाटों के प्रति भेदभाव है ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करती हूं कि भरतपुर, धौलपुर के जाटों को केंद्र सरकार अपनी ओबीसी सूची में शामिल करके उन्हें आरक्षण देने की कृपा करे ।

बहुत-बहुत धन्यवाद ।